Title: Need to check the detriorating law and order situation and crimes against minorities in Gujarat.

श्री मोतीलाल वोरा (राजानांदगांव): माननीय अध्यक्ष महोदय, गुजरात में कानून और व्यवस्था की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। गुजरात में प्रतिदिन ४५ के करीब ऐसे मामले ही रहे हैं जिनमें बलात्कार, डाकाजनी और लूटपाट प्रमुख हैं। गुजरात के डी.जी. श्री सी.पी. सिंह ने कल एक बयान देकर कहा है कि गुजरात की स्थिति बदतर हो रही है, इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के लोग जिम्मेदार हैं। इसकी पुष्टि वहां के मुख्य मंत्री श्री केशु भाई पटेल ने भी की है। उनका कहना है कि गुजरात की स्थिति में इस प्रकार की गिरावट पिछले पांच महीने के अंदर आई है। इससे गुजरात के लोगों में, विशेषकर अल् पसंख्यकों के मन में

... (व्यवधान)

Shri Keshubhai Patel has endorsed the views of the DGP. I do not want to read out the whole thing. So, Sir, kindly ask the Minister concerned to look into the matter and get the report from the Gujarat Government so that we can come to know the fact.

">

SHRI A.C. JOS: Sir, I had also raised this point regarding crimes against minorities two weeks back and the hon. Home Minister had said that he would look into it. Now the Director General of Police, Gujarat has gone to the Press by conducting a Press Conference where he said that the law and order situation in Gujarat has deteriorated. It is because of the Vishva Hindu Parishad...(Interruptions).

MR. SPEAKER: Now Shri P. Sankaran...

... (Interruptions)

SHRI A.C. JOS Now Shri Vora has raised it. This is a very serious matter, Sir...(Interruptions).

MR. SPEAKER: I have called Shri P. Sankaran.

... (Interruptions)

SHRI A.C. JOS I am supporting Shri Vora, Sir. This is a very serious matter and I request the Home Minister to please look into it.

">

श्री मोहन सिंह (देवरिया): अध्यक्ष महोदय, मोती लाल वोरा जी ने जिस प्रकरण को उठाया है, वह एक गम्भीर सवाल है। पिछले १५ दिनों से दिल्ली के सारे प्रमुख अखबारों में यह बात छप रही है कि वहां मुसलमानों के गांव के गांव खाली हो रहे हैं, लोग पलायन कर रहे हैं

... (व्यवधान)

वहां के पुलिस अधीक्षक ने बयान दिया है कि विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का इसमें हाथ है। मेरी जानकारी में उन्होंने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि आर.एस.एस. के लोग मुसलमानों पर अत्याचार कर रहे हैं और मुसलमानों के गांव के गांव खाली हो रहे हैं। पिछले १५ दिनों से ठहिन्दुस्तान टाइम्स', ठइंडियन एक्सप्रेस' और टी.वी. के ठआजतक' में इस बारे में फिल्म दिखाई गई कि किस तरह वहां के मुसलमान पलायन कर रहे हैं। वहां अलग बस्तियां बन रही हैं। हिन्दू और मुसलमानों के बीच गुजरात की सरकार भेदभाव पैदा कर रही है। भारत में एकता रहनी चाहिए। यह गम्भीर चिंता की बात है। आज की तारीख में मेरी जानकारी में उस पुलिस अधीक्षक को हटाने की तैयारी गुजरात सरकार कर रही है। मैं इस बात को केन्द्र सरकार के ध्यान में लाते हुए कहना चाहता हूं कि मुसलमानों के ऊपर हो रहे हमलों के लिए वह पहल करे और हस्तक्षेप करे तथा गुजरात की साम्प्रदायिक सरकार को बर्खास्त करे।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri P. Sankaran.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri P. Sankaran says.

(Interruptions) *